हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

06 भागवत कथा में उत्साह से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



07 प्रेमनगर कॉलोनी में शिवरात्रि महोत्सव...





### डकैती से शहर के व्यापारियों में थी दहशत, रख लिए थे निजी बंदूकधारी गार्ड

# अरिहंत ज्वेलर्स चोरी का मुख्य आरोपी सवा 5 किलो चांदी सहित गिरफ्तार, हत्या-रेप समेत 7 केस हैं दर्ज

***कोतवाली पुलिस ने खरीफाटक रोड स्थित अरिहंत ज्वैलर्स में हुई डकैती के मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी जीतू पारदी उम्र 21 वर्ष को गुना के जंगलों में घेराबंदी करके पकड़ा। उसके पास से लगभग सवा पांच किलो चांदी बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। यह वारदात 3 जनवरी को हुई थी।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अरिहंत ज्वेलर्स में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में है। जिस तरह से बेखौफ होकर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था उससे शहर के सभी सराफा व्यापार में दहशत पैदा हो गई थी।

**व्यापारियों ने पुलिस को दिया दो लाख का चेक**

डकैतों के डर के कारण व्यापारियों ने निजी तौर पर अपने बंदूकधारी गार्ड रात में दुकानों के आसपास तैनात कर दिए थे। डकैती में शामिल 5 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी फरार होने में सफल हो गया था। पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी गुना जिले के थाना बजरंगगढ़ क्षेत्र के ग्राम गड़ला गिर्द के जंगल में है। एसपी रोहित काशवानी द्वारा गठित 8 विशेष टीमों ने सुनियोजित घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से चांदी की पायल, कड़े, लच्छे, थाली-ट्रे, गिलास, कटोरी, चम्मच और घटना में इस्तेमाल औजार भी जब्त किए गए हैं। आरोपी जीतू पारदी मूल रूप से ग्राम गड़ला गिर्द का रहने वाला है। वर्तमान में वह गुना शहर से लगी हुई हड्डी मील बसती में रहता है। 3 जनवरी को अज्ञात डकैतों ने शैलेंद्र जैन की दुकान अरिहंत ज्वेलर्स के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में अब तक कुल 3 आरोपी और 2 विधि विरुद्ध बालक पकड़े जा चुके हैं। इनसे पहले भी लगभग 13 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया गया था। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने मामले की गुत्थी लगभग सुलझा ली है। शेष फरार आरोपियों की तलाश भी पुलिस कर रही है।



विदिशा। डकैती की वारदात में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी रोहित काशवानी।

### व्यापारियों ने दो लाख का चेक एसपी को सौंपा



पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी जीतू पारदी शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या, बलात्कार, चोरी, बलवा और मारपीट सहित 7 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब उससे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर व्यापारियों ने एआई युक्त कैमरे के लिए दो लाख रुपए का चेक एसपी रोहित काशवानी को सौंपा जिससे चोरों की पहचान आसानी से हो सके। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन, राजीव जैन, शैलेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार



सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी प्रशांत भावसार पिता हरिनारायण भावसार उम्र 19 वर्ष निवासी पूरनपुरा को पकड़ लिया। उसके कब्जे से होंडा साइन 125सीसी बाइक जब्त की गई। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी आरके मिश्रा के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुनील पुरी, महिपाल बागड़ी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### डी-मार्ट विरोध में आज विदिशा बंद



**विदिशा।** डी-मार्ट के विरोध में पिछले नौ दिनों से पावर डिस्ट्रीब्यूटर संघ एवं शहर के व्यापारी धरने पर बैठे हुए हैं। विदिशा व्यापार महासंघ, मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, पावर डिस्ट्रीब्यूटर संघ तथा महासंघ से जुड़े सभी संगठनों ने आज शुक्रवार को विदिशा बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का कहना है कि डी-मार्ट जैसी बड़ी राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां छोटे शहरों के व्यापार और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि इस संबंध में व्यापारियों से लगातार संवाद किया जा रहा है। विदिशा व्यापार महासंघ के मुन्नालाल जैन, उद्योग मंडल के राजेश जैन सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में बंद के बाद व्यापारी सभा आयोजित होगी। सभा उपरांत प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं संबंधित विभागों के नाम कलेक्टर विदिशा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के महामंत्री नरेंद्र धनवानी ने बताया कि गुरुवार को दिनभर शहर में एनाउंसमेंट कराकर व्यापारियों से बंद का समर्थन करने का आव्हान किया गया है। सभी व्यापारियों ने व्यापार महासंघ के इस बंद को समर्थन दिया है क्योंकि डीमार्ट के खुलने से शहर के व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होगा।

## खबर संक्षेप

### बड़बाला घाट पर आज होगी महागंगा आरती

**विदिशा।** वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में विगत 17 वर्षों से निरंतर गंगा आरती के माध्यम से मां वैत्रवती गंगा को स्वच्छ, सुंदर और सदानीरा बनाए रखने के लिए जनजागरण किया जा रहा है। नित्य आरती के 6051 दिन पूर्ण होने तथा प्रत्येक 50 दिन में आयोजित होने वाली महागंगा आरती श्रृंखला में आज शुक्रवार शाम 6 बजे गोधूलि वेला में बडबाला घाट पर 121वीं महागंगा आरती होगी। समिति संयोजक पंडित मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि नगर की गंदगी और जल प्रवाह की कमी के कारण नदी प्रतिवर्ष नवंबर से जून तक प्रदूषित हो जाती है, जिसके निराकरण हेतु समिति निरंतर प्रयासरत है। संरक्षक लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

### स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 103वीं जयंती आज

**विदिशा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 103वीं जन्म जयंती 13 फरवरी को सुबह 10:30 बजे पुनर्निर्मित शहीद ज्योति स्तंभ उद्यान परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी न्यास के तत्वावधान में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पुष्पांजलि के बाद कच्छी भवन, किरी मोहल्ला में निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा।

### आज मनाई जाएगी स्व. ताम्रकार की पुण्यतिथि

**विदिशा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कीर्तिशेष नरेन्द्र ताम्रकार की पुण्यतिथि आज प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जाएगी। दोपहर 3:30 बजे पूरनपुरा गली नंबर तीन स्थित प्रतिभा विकास भवन में कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार व व्यंगकार तथा पूर्व सिविल सर्जन डॉ. सुरेश गर्ग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संयुक्त सचिव विपुल शर्मा ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### डीएम कृषक प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण कर संचालित प्रशिक्षण एवं जनहित गतिविधियों का निरीक्षण किया। प्रबंधन ने बताया कि केन्द्र कृषकों, महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और छात्रों को कृषि, पशुपालन, मशरूम, वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक खेती सहित विभिन्न विषयों पर निःशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देता है। यहां पशु चिकित्सा शिविर, महिला स्वास्थ्य, कंप्यूटर, सिलाई व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम भी नियमित आयोजित होते हैं। कलेक्टर ने केन्द्र की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि प्रशिक्षण की जानकारी अधिकाधिक ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए, जिससे किसान आयवृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।

### अवैध कटाई से वन विकास निगम बेखबर

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर के ऊहर कोटरा स्थित सीएम राइज स्कूल के पीछे नाग क्षीर क़साई वाले क्षेत्र में अवैध सागौन के वृक्षों की कटाई जोरों पर होने की खबर सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वन विकास निगम क्षेत्र में लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। कीमती सागौन के पेड़ों पर आरी चलने से क्षेत्र में हरियाली तेजी से कम हो रही है और वन संपदा पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। वन विकास निगम के वनरक्षक राघवेंद्र यादव ने बताया कि विभाग के पास स्टाफ की कमी है, फिर भी यदि किसी व्यक्ति द्वारा जंगल के पेड़ काटे जाने की जानकारी मिलती है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आउटसोर्स कर्मचारियों ने 30 हजार वेतन और नियमितिकरण की मांग, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिलेभर के आउटसोर्स, संविदा, दैनिक वेतनभोगी और अस्थायी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। श्रमिकों के हित में बने नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कई कर्मचारी 2 से 5 हजार के कम मानदेय पर काम करने मजबूर हैं। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें सभी आउटसोर्स, संविदा और अस्थायी कर्मचारियों का नियमितीकरण, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह लागू करना और कलेक्टर दर के आधार पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त ठेका प्रथा और निजीकरण पर रोक लगाने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार प्रतिमाह करने की मांग की गई है।




विदिशा। ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों ने रखी मांगे।

## कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह ने जिलाध्यक्ष को दिए हर वार्ड में कमेटियां बनाने के निर्देश, कार्यकर्ताओं से बोले: घर-घर जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने विदिशा दौरे के दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राजनीतिक चुनौतियां बढ़ेंगी, इसलिए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना जरूरी है।

बैठक में उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू को हर वार्ड में कमेटियां बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमेटियों में सभी समाज और वर्गों के लोगों को शामिल किया जाए, ताकि संगठन मजबूत और संतुलित बने। जयवर्धन सिंह ने साफ कहा कि बूथस्तर तक सक्रिय टीम तैयार करना ही चुनाव जीतने की सबसे बड़ी तैयारी है। उन्होंने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों से पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ काम करने को कहा। साथ ही कार्यकर्ताओं को नियमित जनसंपर्क, घर-घर संपर्क अभियान और स्थानीय मुद्दों पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है।



कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए जयवर्धन सिंह।

### जिला अध्यक्ष की पहल की सराहना

जयवर्धन सिंह ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी निजी दुकान को कांग्रेस कार्यालय में बदलकर कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित स्थान उपलब्ध कराया है, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं से भी अपील की कि वे नियमित रूप से कार्यालय आएं और कार्यकर्ताओं से संवाद बनाए रखें। बताया जा रहा है कि जयवर्धन सिंह विदिशा में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान उन्होंने पार्टी कार्यालय पहुंचकर संगठनात्मक बैठक में भाग लिया।

## स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के पास दिखा सारस का जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड स्कूल के नजदीक दुर्लभ सारस पक्षियों का जोड़ा देखा गया है। जिससे प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। भारत में इनकी संख्या लगभग 8 से 10 हजार मानी जाती है। डीएफओ हेमंत यादव बताते हैं कि सारस पक्षी की घटती संख्या के चलते इसको संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है, जो संरक्षण की गंभीर आवश्यकता दर्शाता है। जलाशयों की कमी और मानवीय हस्तक्षेप प्रमुख खतरे हैं। सारस पक्षी के संरक्षण की मांग की जा रही है, ताकि यह सुंदर प्रजाति भविष्य में सुरक्षित रह सके और क्षेत्र की जैव विविधता बनी रहे। विशेषज्ञ लोगों ने सतर्कता और संरक्षण बढ़ाने की अपील।



विदिशा। स्प्रिंगफील्ड स्कूल के पास सारस का यह जोड़ा दिखाई दिया।

### शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा आज विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

**शमशाबाद।** शमशाबाद विधायक एवं पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश मीणा 13 फरवरी, शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत पिपलधार के पट्टन गांव में स्कूल बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे शासकीय सांदीपनि विद्यालय नटेरन में दिव्यांग छात्रों को सहायक सामग्री वितरित करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे ग्राम पैरवासा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। विधायक ने क्षेत्रवासियों से तीनों कार्यक्रमों में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया है।



## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में कल पंचायत स्तर पर पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारत-अमेरिका ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए कांग्रेस द्वारा कल 14 फरवरी को जिलेभर की पंचायतों में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह समझौता देश की कृषि व्यवस्था पर सीधा हमला है और इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाते हुए छोटे किसानों, खेत मजदूरों तथा ग्रामीण हितों को नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों को इस समझौते के कथित फायदे बताकर गुमराह कर रही है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। रघुवंशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों और श्रमिकों के हितों की आवाज उठाती रही है और इसी क्रम में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों, खेत मजदूरों और ग्रामीण नागरिकों से आंदोलन में शामिल होकर सरकार के निर्णय का विरोध करने की अपील की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### कलेक्टर ने बीज गुणवत्ता व भंडारण व्यवस्था का लिया जायजा

# औचक निरीक्षण में सख्त दिखाई दिए कलेक्टर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला मुख्यालय स्थित राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के बीज प्रक्रिया केन्द्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीज प्रसंस्करण, भंडारण, गुणवत्ता परीक्षण तथा अभिलेख संधारण की स्थिति का बारीकी से परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीजों के स्टॉक रजिस्टर, लॉट नंबर, टैगिंग प्रणाली और नमी नियंत्रण व्यवस्था की जांच की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को वितरित किए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बीजों की शुद्धता, अंकुरण क्षमता और मानक अनुरूप पैकेजिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान गोदामों की स्वच्छता, वेंटिलेशन व्यवस्था और कीट नियंत्रण उपायों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि भंडारित बीजों को नमी, फफूंद और कीट संक्रमण से सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बीज की गुणवत्ता सीधे किसानों की उपज से जुड़ी होती है। उन्होंने नियमित अंतराल पर फ्यूमिगेशन एवं तकनीकी परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बीज प्रसंस्करण मशीनों की कार्यप्रणाली देखी तथा कर्मचारियों से संचालन संबंधी जानकारी लेते हुए समय पर मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों के पालन पर जोर दिया। साथ ही बीज वितरण सीजन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र में आने वाले किसानों और सहकारी समितियों के लिए बीज उपलब्धता, दर और किस्मों की जानकारी पारदर्शी तरीके से प्रदर्शित करने, शिकायत पंजी संधारित रखने तथा प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। निरीक्षण कर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश।

### स्कूटी योजना से नंदनी लोधी को मिला संबल

**विदिशा।** शेरपुरा स्कूल गर्ल्स स्कूल की छात्रा नंदनी लोधी को सत्र 2024-25 में राज्य शासन की स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्राप्त हुई। पहले परिवहन व्यवस्था के अभाव में उन्हें आने-जाने में कठिनाई और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता था। अब वह समय पर कॉलेज पहुंचकर नियमित अध्ययन कर पा रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद नंदनी ने शिक्षा के प्रति निरंतर लगन बनाए रखी। स्कूटी मिलने से अन्य छात्राएं भी उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हो रही हैं।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1570
उच्चतम भाव-5523
सरसों
न्यूनतम भाव-4210
उच्चतम भाव-6405
चना
न्यूनतम भाव-4390
उच्चतम भाव-5416
मसूर
न्यूनतम भाव-5350
उच्चतम भाव-6101
ज्वार
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5000
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1560
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3400
धान
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-4241
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3910
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
गेहूं
न्यूनतम भाव -1200
उच्चतम भाव- 3261
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-9000
तुअर
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400
मटर
न्यूनतम भाव-2341
उच्चतम भाव-2341

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 8692 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप


### मच्छरों से नागरिक परेशान

**गंजबासौदा।** नगर के पाराशरी किनारे की रहवासी बस्तियों एवं निचली बस्तियों में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है। जिससे यहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पचमा बायपास क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि शाम होते ही मच्छर घरों में प्रवेश करने लगते हैं। जिसके चलते लोग अपने घरों के दरवाजे बंद करने को मजबूर हैं। नागरिकों ने नगरपालिका से कीटनाशक दवा एवं फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

# सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर नपा ने किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को रेड स्पॉट मुक्त बनाने के उद्देश्य से "नो थू-थू अभियान" संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। अभियान के दौरान चिन्हित रेड स्पॉट स्थलों की विशेष साफ-सफाई एवं पुताई कर उन्हें स्वच्छ बनाया गया। इसके पश्चात सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। यह चालानी कार्रवाई राजा चांवरिया मेट नगर पालिका, आरके नेमा पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी, आईईसी समन्वयक, आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की टीम, फीडबैक फाऊंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त सहयोग से की गई। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वह शहर को





स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# शिवरात्रि मेले को लेकर उदयपुर मार्ग का पैच वर्क शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उदयपुर जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पैच वर्क शुरू किया गया है। मार्ग पर जहां गहरे गड्डे थे, उन्हें डामर से भरा जा रहा है, साथ ही रोड रोलर चलकर इस समतल भी किया जा रहा है। मालूम की तीन महापूर्वी विभाग द्वारा सड़क के गड्डे भरे गए थे लेकिन भारी वाहनों के दबाव के चलते यह गड्डे फिर उभर आए हैं। शिवरात्रि पर करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उदयपुर पहुंचने की संभावना है। साथ ही जल अभिषेक के लिए कई पदयात्रा करते मंडलियां भी पहुंचेंगीं। इसीलिए मार्ग की मरम्मत आवश्यक हो गई थी। जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद इस मार्ग की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

## सिद्धों की पहाड़ी अब तीर्थ बनकर क्षेत्र को शिवमय कर रही है

# सिद्धों की पहाड़ी पर शुरू हुई महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जब भक्ति सच्ची हो, तो जंगल भी मंगल बन जाता है। जब श्रद्धा मार्ग बने, तो कांटे भी फूल बन जाते हैं। आस्था, श्रद्धा और भक्ति केवल शहरों में ही दिखाई नहीं देती गांवों में भी बसती है, केवल दिशा दिखाने वाला चाहिए। पथरीली पहाड़ियों के बीच स्थित तपोभूमि गुरुवार को आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन गई, जहां के उबड़ खाबड़ रास्तों के बीच एक पहाड़ी, जहां तक पहुंचना भी किसी तपस्या से काम नहीं है। जब 3 किलोमीटर की लंबी कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु नंगे पांव चलते हुए ना धूप की चिंता कर रहे थे और ना ही उन्हें रास्तों के कांटों की चिंता थी।

कलश यात्रा में सनातन परंपरा को लेकर वह भावुक क्षण भी दिखाई दिया जब एक गुरु की साधना के प्रति कृतज्ञता और सामूहिक विश्वास की शक्ति साफ नजर आई। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य सूत्रधार तंत्राचार्य आचार्य मनीष द्विवेदी को पूरे मार्ग में ग्रामीणों ने धरती पर पैर नहीं रखने दिए और कंधों पर उठाकर यज्ञ स्थल तक ले गए। कलश यात्रा के मार्ग में जहां पगडंडी संकरी और पथरीली थी, वहां श्रद्धालु स्वयं जमीन पर सिर के बल लेट गए, ताकि गुरु के चरणों में कंकर न चुभें। गुरु भक्तों की पथ रूपी पीठ पर चलकर कलश यात्रा में साथ-साथ चलते रहे। उल्लेखनीय की नगर से करीब





15 किलोमीटर दूर ग्राम नेगमा पिपरिया गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर सिद्धों की पहाड़ी तलहटी गौखुर में मध्य प्रदेश के सबसे ऊंचे शिवलिंग के साथ-साथ पाषाण के 108 शिवलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में विश्वनाथ मठ बनने जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई जो कि नेगमा पिपरिया से प्रारंभ होकर पहाड़ी की तलहटी यज्ञ स्थल तक गाजे बाजे के साथ पहुंची। कलश यात्रा में बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने नंगे पांव यात्रा पूरी की। रास्ते में कहीं भी अव्यवस्था नहीं दिखी। क्षेत्र में वर्षों से तपस्वियों की साधना से जुड़ी इस पहाड़ी पर प्राचीन हनुमान स्थान भी स्थित है। पहाड़ी के समीप गोखुर (गाय की खुर) से निकली हुई 'गंगा' के नाम से प्रसिद्ध कुंड है, जिसमें वर्षभर जल रहता है। आसपास के गांवों में जहां भूजल स्तर 400 फीट तक गिर गया है और पानी नहीं मिलता है, वहीं इस कुंड का मात्र तीन फीट गहरा मीठा जल स्थानीय लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। इसी जल से भरे 108 तांबे के कलश आम के पत्तों और श्रीफल के साथ सजाकर कलश यात्रा में शामिल किए गए।

पीले वस्त्र धारण की हुई महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। भगवान विश्वनाथ की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य सूत्रधार तंत्राचार्य आचार्य मनीष द्विवेदी ने बताया कि 5 दिवसीय आयोजन में काशी के वेद-विभूषण आचार्य डॉ. प्रवीण पांडेय के आचार्यत्व में 11 वेदपाठी ब्राह्मण चारों वेदों का परायण करेंगे। काशी परंपरा के अनुसार प्राण-प्रतिष्ठा के दिन बाबा विश्वनाथ की गंगा आरती की तर्ज पर पांच ब्राह्मणों द्वारा आरती की जाएगी। यज्ञशाला में एक ही हवनकुंड बनाया गया है, जिसमें स्थानीय ब्राह्मणों के साथ काशी, बनारस और अयोध्या से आए आचार्य प्राण-प्रतिष्ठा के निमित्त हवन करेंगे। शुक्रवार को मंडप प्रवेश और अग्नि-मंथन होगा। पांच दिवसीय आयोजन में वैदिक मर्यादा और शास्त्रीय विधि के अनुसार कुल 24 लाख आहुतियां दी जाएंगी। हवन सामग्री पूरी तरह शुद्ध रहेगी और आहुतियां गौ-घृत से दी जाएंगी। आयोजन में नेगमा-पिपरिया के अलावा पिपरिया, दीघोरा, मुंहासा और बांगची गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 15 फरवरी को शिव महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ की प्राण प्रतिष्ठा होगी और 16 फरवरी को महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा आयोजित किया गया है। कलश यात्रा में शामिल विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्रामीणों की मांग पर यज्ञ स्थल पर ही घोषणा करते हुए कहा कि सिद्धगिरी पर्वत की तलहटी स्थित गोखुर विश्वनाथ मठ को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां बिजली के लिए शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा, ताकि 24 घंटे उजाला रहे। प्राचीन हनुमान मंदिर और मठ तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क भी बनाई जाएगी। विधायक रघुवंशी की घोषणा के बाद शिवभक्तों ने



# भागवत कथा में उत्साह से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा रोड स्थित सरस्वती नगर में चल रही संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर बधाईयों और भजनों पर जमकर नृत्य किये। जिसमें महिला पुरुष महिलाएं और बच्चों ने नृत्य कर जन्मोत्सव का आनंद लिया। इसके पूर्व कथा वाचक पंडित तरुण महाराज ने दसवीं स्कंद की कथा सुनाते हुए कहा कि श्री कृष्णा हृदय में ही है तो वहीं प्रकट होंगे। दशम स्कंध भगवान का हृदय रूप है। नौ स्कंध सुनने से नवधा भक्ति प्राप्त होती हैं और मन की इन्द्रियों का विग्रह होता है।

ये मन विषयों से दूर होता है। वह हरि हैं, शोक संताप दुःख को हरते हैं। बस उनके सचिदानंद के चरणों से हमें जुड़ना पड़ेगा। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में आयोजन समिति सदस्य और श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में हुई 153 मरीजों की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्रति मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गत दिवस यह शिविर स्वर्गीय राम गोपाल पिंगले एवं शशि कला पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा ने 153 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 47 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 26 चश्मों का वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 37 मरीजों को दवाइया वितरित की। 42 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी, हरीश सक्सेना, विजय अरोरा, सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया।

### समूह चर्चा व तनाव प्रबंधन कार्यशाला का हुआ आयोजन




**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में योग, ध्यान एवं प्राणायाम सत्र मैं अकेला नहीं हूँ विषय पर समूह चर्चा एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला तथा माइंडफुलनेस अभ्यास का सफलतापूर्वक आयोजन डॉ अपेक्षा बाजपेई सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. प्रदन्या करंदीकर ने अपने प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक वक्तव्य में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव के कारणों तथा उनसे निपटने के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग, ध्यान एवं प्राणायाम के माध्यम से मानसिक शांति एवं एकाग्रता बढ़ाने के तरीकों का प्रदर्शन भी किया गया। मैं अकेला नहीं हूँ समूह चर्चा के दौरान छात्राओं ने खुलकर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए, जिससे आपसी सहयोग और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों में अनीशा भारद्वाज एवं व्यक्ता अहिरवार उपस्थित रही। व्यक्ता अहिरवार ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नागरिकों को जागरूक करने छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 3 और 4 में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर पालिका परिषद की सहयोगी संस्था फीडबैक फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता रैली का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों में शहर की स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना, क्योंकि सफाई सिर्फ सफाई कर्मियों का ही काम नहीं है इसमें सभी शहर वासियों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है, इसके बिना शहर में कचरे का प्रबंधन संभव नहीं है, इसके लिए सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, बाहर गंदगी करने वाले चुनिंदा लोगों को रोकना-टोकना होगा और अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग कर नगर पालिका के स्वच्छता वाहन में देना होगा, जिससे कूड़े का शत प्रतिशत निष्पादन हो सके और शहर स्वच्छ व सुंदर बन सके, बच्चों की स्वच्छता के नारों, बैनर और तख्तियों से सुसज्जित रैली गलियों में भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन रोड नेहरू चौक से होते हुए निकाली गई, गलियों में नागरिकों ने घरों की खिड़कियों, छतों, बालकनियों और अपना काम रोक कर छात्रों को ध्यान से देखा और सुना निश्चित रूप से छात्रों के इस अथक प्रयास से नागरिकों की सोच में परिवर्तन होगा, जिससे शहर की स्वच्छता में जन भागीदारी का योगदान मिलेगा और शहर स्वछतम शहरों की श्रेणी में अग्रणी होगा। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतीश मैथिल, श्याम भूषण तिवारी, दोनों विद्यालय का संयुक्त परिवार एवं फीडबैक फाउंडेशन टीम की मौजूदगी रही।

## राजेंद्र नगर डिढ़ोली मंदिर में शिव महापुराण कथा हो रही आयोजित

# दुर्गुण में भी गुण देखने वाले भगवान शिवजी ही हैं: महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर डिढ़ोली मंदिर नीरज शर्मा के बगीचे में हो रही शिव महापुराण की कथा में महाराज ने कहा शिव महापुराण की कथाएं जीवन को पवित्र बनाने वाली कथाएं हैं। भगवान शिव सभी को आनंदित करने वाले हैं। इसमें किसी तरह भेदभाव नहीं करते, सगुणता और निर्गुणता का जैसा सामंजस्य भगवान शंकर में है, वैसा और कहीं नहीं दिखाई पड़ता। संसारी होकर भी शिव विदेही है और विदेही होकर भी संसारी है। दुर्गुण में भी गुण देखने वाले भगवान शिव ही है। श्मशानवासी कहलाते हैं, लेकिन कैलाश की सुन्दर वादियों में विचरण करते हैं। शिव महापुराण अलौकि ग्रंथ है, जो पूरे समाज को परिष्कृत करने के लिए जागृत करता है। हमारा समाज के प्रति क्या कर्तव्य है और समाज की हमारे लिए क्या उपयोगिता है। महाराज ने कहा कि जीवन में सुख और शांति के लिए शिव महापुराण का अध्ययन परम आवश्यक है। हमारा मन पानी की तरह है और पानी सदा नीचे की तरफ बहता है । उसे ऊपर चढ़ाने के लिए जैसे प्रयास करना पड़ता है, उसी प्रकार मन को भी साफ रखने के लिए प्रयास करना पड़ता है तभी यह सही दिशा में जाएगा। भगवान की दिव्य कृपा से ही कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। प्रवचन में कहा कि जब भगवान की दिव्य कृपा होती है तब शिव महापुराण कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है और अवरणीय सतगुणों का जब संग्रह होता है तब शिव महापुराण कथा कराने के लिए लोग प्रयत्नशील होते है। महाराज ने कहा कि ईश्वरीय विधान को नहीं मानने वाले, उल्लंघन व विरोध करने वाले लोग दूसरे जन्म में कष्ट पाते हैं और नरक की योनि भुगतनी पड़ती है।

पूजा करने वक्त क्रोध नहीं करना चाहिए क्रोध से नैतिक मूल्य नष्ट हो जाते है। उन्होंने बताया कि गुरू शब्द का अभिप्राय अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। जिस व्यक्ति का कोई गुरू नहीं होता है वह सही मार्ग पर नहीं चल सकता है। अतः प्रत्येक को जीवन में गुरू अवश्य बनाना चाहिए। चित्र नहीं चरित्र के उपासक बने पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कि हम चित्र नहीं चरित्र के उपासक बनें । भक्ति और सत्संग से ज्ञान आता है और ज्ञान से चरित्र का निर्माण होता है।

अच्छे काम बार-बार करें, लगातार करें, तब तक करें, जब तक वह आदत न बन जाए। कथा में आगे उन्होंने कहा कि मदिरा संबंधों में शुचिता को छीनती है। इसके सेवन से मन व प्राण का संतुलन बिगड़ता है। धन का अधिक होना अपव्यय की प्रवृति बढ़ाता है। धन को भोगें पर पात्र लोगों में उसे बांटे। दान की यही सही विधि है। कथा के मुख्य यजमान नीता नीरज शर्मा, वंदना दिलीप शर्मा ने पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, भगवान को भोग लगाया एवं उसके बाद व्यासपीठ की आरती उतारी गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

### जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा "स्वच्छता की पाठशाला" थीम पर गवर्नमेंट एक्सीलेंस बॉयज हाई सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन एवं कचरे के पृथक्कीकरण सूखा एवं



गीला कचरा अलग-अलग रखने के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में आर.के. नेमा द्वारा स्वच्छता विषय पर रोचक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं आईईसी गतिविधि समन्वयक, आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, डस्टबिन के सही उपयोग एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं नपा की टीम उपस्थित रही।

## हरिभूमि से चर्चा में बोले संस्थापक हरभजन जांगड़े

# युवाओं को माता-पिता के त्याग प्रेम और महत्व बताया जाएगा

### संस्कारों का उत्सव, मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन 14 को





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय संस्कार सेना के तत्वावधान में सम्पूर्ण भारत देश में संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा माता-पिता पूजन दिवस संस्था द्वारा भव्य कार्यक्रम को लेकर तैयारिया की जा रही है। माता-पिता की पूजन दिवस का महाकुम्भ को 14 फरवरी को राजस्थान के फलोदी जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा। जिसमें मध्यप्रदेश के भोपाल, विदिशा, सिरोंज सहित अन्य जिलो से काफी संख्या में संस्कार सेना के सदस्य व पदाधिकारी पहुचेगें। इस विशेष अवसर पर एक साथ 101 माता-पिता का विधिवत पूजन कर समाज में पारिवारिक मूल्यों, बड़ों का सम्मान और संस्कारों का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मातृ-पितृ पूजन के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति को दर्शाने वाले फलोदी दर्शन सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। जो दर्शकों को लोक परंपराओं से जोड़ेंगी। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में आमजन अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

#### मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

संस्कार सेना द्वारा आयोजित माता-पिता पूजन समारोह के लिए मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कार सेना समिति द्वारा समाज में भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन हेतु सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। युवा पीढ़ी को माता-पिता एवं बुजुर्गों के प्रति सम्मान, शिक्षा के साथ संस्कार, तथा नैतिक मूल्यों से जोड़ने का आपका प्रयास समाज निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे प्रयास न केवल परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि एक जागरुक, जिम्मेदार और संस्कारित राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे विश्वास है कि संस्कार सेना समिति भविष्य में भी अपनी गतिविधियों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य निरंतर करती रहेगी। संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ।

#### संस्कारों को मजबूत करने का किया जा रहा कार्य

इस अवसर पर संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था विगत 2007 से 14 फरवरी को विशेष रूप से माता-पिता पूजन कर युवाओं और बच्चों की मानसिकता वैलेंटाइन डे से परिवर्तित कर माता-पिता के सम्मान की ओर ले जाना है। हालांकि संस्था द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम की शुरुआत माता-पिता पूजन के साथ ही करती है हम ऐसे आयोजन कर समाज में संस्कारों को मजबूत करने का कार्य कर रहे है। नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

#### नई पीढ़ी को माता-पिता के त्याग, प्रेम, महत्व से कराया जाएगा अवगत

राष्ट्रीय संस्कार सेना के फलोदी जिला अध्यक्ष राज कुमार पुरोहित एंव कृष्ण कुमार थानवी ने बताया कि मातृ-पितृ पूजन दिवस का उद्देश्य नई पीढ़ी को माता-पिता के त्याग,प्रेम और महत्व से अवगत कराना है,ताकि परिवार और समाज में सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होने बताया कि यह आयोजन फलोदी के सामाजिक जीवन में एक सकारात्मक संदेश लेकर आएगा और संस्कारों की परंपरा को नई दिशा देगा। फलोदी कार्यक्रम की तैयारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में जिला इकाई द्वारा की जा रही है। जिसमें राजस्थान के अलावा यूपी,एमपी,महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों से पदाधिकारी सम्मिलित होने के लिए निकल चुके हैं। वही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगड़े,राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे,प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सिंह,उत्तर प्रदेश संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं गायक मुकेश कुमार बेगी,रायसेन जिला अध्यक्ष थान सिंह मालवीय बबलू वर्मा सहित बडी संख्या में पदाधिकारी शामिल होगें।

# कर्ज में डूबती सरकार विकास कार्यो से कर रही है समझौता, जनता पर बढ़ेगा आर्थिक बोझः सुभाष

### मध्यप्रदेश सरकार का बढ़ता कर्ज प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश सरकार के बढ़ते कर्ज को लेकर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष बोहत ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बजट भले ही बढ़ा हुआ दिखाया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार का अधिकांश राजस्व नए कर्ज की किस्त और ब्याज चुकाने में ही खर्च हो रहा है।

यह स्थिति आर्थिक प्रबंधन की विफलता को दर्शाती है। एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि जब किसी राज्य का कर्ज उसके विकास बजट से अधिक हो जाए, तो यह जनता के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। सरकार लगातार बाजार से ऋण लेकर प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल रही है, जिसका सीधा असर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं पर पड़ेगा। विकास कार्यों के लिए संसाधन कम होते जा रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित की योजनाओं का सही क्रियान्वयन करने में असफल रही है और वित्तीय अनुशासन पूरी तरह समाप्त हो चुका है। यदि यही स्थिति रही तो प्रदेश आर्थिक रूप से कमजोर होता जाएगा और जनता को करों एवं महंगाई के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होने मांग करते हुए कहा कि सरकार कर्ज आधारित मॉडल छोड़कर पारदर्शी वित्तीय नीति अपनाए, अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाए और वास्तविक विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करे। कांग्रेस जनता के हितों की रक्षा के लिए इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

## नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**सिरोंज।** सिरोंज में पहली बार कांग्रेस पार्टी द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उतरकर समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है। तो वही नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड व ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मकसूद मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा शनिवार 14 फरवरी को नगर के तलैया मोहल्ला स्थित नगर पालिका शादी हॉल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर में भोपाल मकसूद मेमोरियल हॉस्पिटल से प्रसुति एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरण की जाएगी। साथ ही शुगर,बीपी सहित अन्य बीमारियों की जांच शिविर में की जाएगी। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी ने क्षेत्रवासियो से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लें।

## सेवा भारती का पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर संस्कार केंद्र का शुभारंभ



**सिरोंज।** ब्रज कॉलोनी संस्कार केंद्र पर 25 भैया बहनों ने अपने नाम दर्ज कराए केंद्र का संचालन शाक्षी कुशवाह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्र को समाजसेवी अशोक रावल द्वारा गोद लिया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ संजीव माथुर,अशोक श्रीवास्तव,जयकुमार,संतोष मिश्रा,राकेश कुशवाह,सुनील विश्वकर्मा ने भाग लिया। वही जिला उपाध्यक्ष डॉ संजीव माथुर ने बताया कि सेवा भारती संस्कार केंद्र का उद्देश्य निर्धन एवं गरीब परिवार के भैया बहनों को शिक्षा एवं संस्कार,शोषित,पीड़ति,वंचित परिवारों को सम्मिलित कर समरसता का भाव पैदा करना है। साथ ही गरीब बस्तियों में जाकर समाज से वंचित एवं पीड़ति लोगों का सहयोग करना मुख्य उद्देश्य है।

# मप्र शासन के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा का सिरोंज आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व राधौगढ विधायक जयवर्धन सिंह,पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा के सिरोंज आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रजत गौड़ के भाई डॉ संजय गौड़ के विवाह उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने सिरोंज आए हुए थें। ज्ञात हो कि गौड़ परिवार सदैव कांग्रेस परिवार से जुडा होने के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व राधौगढ विधायक जयवर्धन सिंह के आने की सूचना पहले से ही प्राप्त थी। लेकिन कुछ कारणवश वह विवाह समारोह में शामिल नही हो पाए थें। स्व रमेश गौड,राज कुमार गौड़ कांग्रेस की राजनीति में वर्षो से दिग्विजय सिंह के साथ सदैव राजनैतिक जुडाव के अलावा परिवारिक रूप से भी निकट होने से गौड़ परिवार में कोई कार्यक्रम होता है। तब राधौगढ से दिग्विजय सिंह का परिवार हमेशा शमिल होता है। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

#### शिव रात्रि पर वाहनों का नगर में प्रवेश निषेध रहेगा

**खुरई।** बुधवार को महा शिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ की महाबारात को लेकर एसडीएम मनोज कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, संतोष सिंह भी शामिल रहे। बैठक में शिवरात्रि पर सुबह से भूतेश्वर मंदिर की व्यवस्थाओं सहित शिव बारात निकलने और रात्रि के अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने बिंदुबार सभी विषयों पर चर्चा करते हुए निराकरण के साथ योजना बनाई।

# खाद के लिए किसानों को ई टोकन प्रणाली बनी परेशानी

### जहां स्लॉट बुकिंग, वहां उपलब्ध नहीं यूरिया



#### किसानों का मोबाइल नंबर लिंक न होने से बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अभी किसानों के खेतों में गेंहू की फसलें हरी-भरी स्थिति में बनी हुई है। किसानों को खाद, यूरिया प्राप्त करने ई-टोकन प्रणाली शुरु की गई है। किसानों को खाद प्राप्त करने में ई-टोकन प्रणाली भारी परेशानियों का कारण बन रही है।

कई किसानों की आईडी अपडेट न होने, तो किसी किसान का मोबाइल न. लिंक न होने, फार्मर आईडी किसानों की परेशानियों का कारण बन रही है। किसानों को समय से यूरिया, खाद नहीं मिलने से किसान हैरान-परेशान बने नजर आ रहे है। सहकारी संस्थाओं से भी किसानों को खाद नहीं मिलना कठिन हो रहा है।

#### जहां स्लाट बुक वहा नहीं यूरिया

सभी किसानों द्वारा औपचारिताएं पूर्ण कर यूरिया खाद के लिए स्लाट की बुकिंग की जाती है। वहां यूरिया का स्टॉक नहीं दिखलाई देता। जहां यूरिया उपलब्ध दिखलाई दे रहा है, वहां स्लाट की बुकिंग नहीं हो पा रही है। कुल मिलाकर खाद के लिए प्रांरभ हुई ई-टोकन प्रणाली किसानों के लिए सरदर्द साबित हो रही है।

# प्रेमनगर कॉलोनी में शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत शिव पुराण कथा जारी

#### कथा व्यास संत सुनीता दीदी द्वारा भगवान शंकर की महिमा, तपस्या, साधना का विस्तार से किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




श्री शिव अखाड़ा व्यायाम शाला द्वारा 9 फरवरी से प्रेम नगर कॉलोनी मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य विशाल आयोजन में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा ह। अयोध्या धाम से पधारी पूर्व डीएसपी कथा व्यास संत सुनीता दीदी द्वारा भगवान शंकर की महिमा, भक्ति, साधना नित्य पूजन से होने वाले धर्म लाभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की जा रही है।

#### सहज सरल भोले शंकर

सब देवी-देवताओं में भगवान शंकर सहज, सरल और शीघ्र प्रसन्न हो जाने वाले देवों के देव महादेव हैं। कथा के दौरान भगवान शंकर के दिगंबर स्वरूप की विस्तार से चर्चा की कहा कि जो भी व्यक्ति भगवान शंकर की सच्चे मन से पूजन, आराधना और प्रार्थना करता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।

सुंदर भक्ति, भजन -संत साध्वी सुनीता दीदी द्वारा श्री शिव महापुराण कथा के दौरान मन, आत्मा को छूने वाले भक्ति भजनों के माध्यम से उपस्थित शिव भक्त नर-नारियों को भाव विभोर किया जाता है। प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु प्रेम नगर कॉलोनी में शिव भक्तों की भारी उपस्थित हो रही है।

# हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा 23 गोवंश से भरा ट्रक, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ सिलवानी



ट्रक में गोवंश भर कर परिवहन किए जाने की जानकारी मिलने पर हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओ ने वाहन को रात्रि के समय ग्राम जोहर निगोरा के पास पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। ट्रक चालक व अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपियो पर प्रकरण दर्ज किया।

बजरंग दल के जिला सह संयोजक राहुल यादव ने बताया कि कटक ग्राम के पास से गोवंश को ट्रक में भर कर परिवहन किए जाने की जानकारी मिलने पर तत्काल ही विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ मौके पहुचें। यहां से ट्रक से गोवंश को भर कर परिवहन किया जा रहा था। कार्यकर्ताओ को देख कर चालक मौके से फरार हो गया।

गोवंश से भरे ट्रक को सिलवानी लाया गया। वाहन में कुल 23 गोवंश भरे थे जिनमे से 3 मृत पाए गए। इन गोवंश को जैन समाज द्वारा संचालित गोशाला में पहुचाया गया। सूचना पर पुलिस ने फरियादी हीरालाल कुशवाहा पिता हरीराम निवासी सिलवानी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया। ट्रक क्रमांक एमएच 31 सीजी 5969 को जब्त कर लिया है।

# खरगोन बस स्टैंड पर नहीं पहुंचती बसें, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भोपाल, जबलपुर फोरलेन 45 पर तहसील का सबसे बड़ा ग्राम खरगोन आसपास के 25-30 ग्रामों के बीच प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है। जब से फोरलेन खरगोन वायपास बना यात्री बसों का ग्राम के भीतर निर्धारित बस स्टेंड पर पहुंचना लगभग बंद हो गया।

फोरलेन 45 मुख्य सडक़ वायपास पर यात्री बसें नहीं रूकती है। वहाँ न तो यात्रियों के बैठने की छाया, पानी और जन सुविधाओं की कोई व्यवस्था न होने से महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और छात्र-छात्राओं को खरगोन बस में आने-जाने के लिए पैदल लम्बा चक्कर लगाने के साथ परेशानियां झेलना पड़ रही है।

खरगोन के निर्धारित बस स्टेंड पर बसें न आने-जाने से खरगोन के साथ आसपास के ग्रामीण किसान भारी परेशान बने हुए है।

गुरुवार को व्यापारियों, ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर यात्री बसें बस स्टैंड पर ही रूकने के संबंध में हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। 16 फरवरी तक समस्या का समाधान न होने पर 17 फरवरी से आन्दोलन की भी चेतावनी दी।

# आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक ठाकुर का निधन, श्रद्धांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बरेली जिला संघचालक धनराज सिंह ठाकुर का अचानक निधन हो गया। ग्राम हरसली निवासी स्व. ठाकुर मूल रूप कृषक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। गुरुवार को उनके ग्रह ग्राम हरसली में शोक श्रद्धांजली का आयोजन हुआ।

स्व. धनराज सिंह ठाकुर सहज, सरल स्वभाव के साथ अत्यन्त गंभीर रहने वाले और मृदुभाषी थे। ग्राम हरसली में शोक सभा में बरेली जिला के पूर्व संघ प्रचारक चेतन भार्गव, आरएसएस के बरेली, बाड़ी क्षेत्र के कार्यकार्ताओं के साथ सेवा भारती संस्था, श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति, भारतीय किसान संघ, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के पदाधिकारियों विभिन्न ग्रामों से आये लोगों की उपस्थिति रही शोक सभा में चेतन भार्गव, धीरेन्द्र मालवीय, बीएस कीरार, साहब सिंह धाकड़, अवधनारायण सक्सेना, सुरेश बिदुआ, केशव सिंह धाकड़, नारायण सिंह पनारिया, नारायण सिंह ठाकुर, अशोक सिंह ठाकुर, बैनी सिंह, भरत शर्मा, अजय जैन, जीतेन्द्र ठाकुर सहित ग्रामीणों, किसानों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली और पुत्र भरतराज सिंह से शोक संवेदना व्यक्त की।

### भवन के सामने कचरा, कूड़े के ढेर मवेशियों का जमावड़ा

# नबावी दौर का आयुर्वेदिक अस्पताल के बिगड़े हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर ही नहीं सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के बीमारों के उपचार के लिए नवावी शासन के दौरान बड़ा बाजार स्थित आर्युवैदिक अस्पताल उपचार का प्रमुख केन्द्र हुआ करता था। दसकों से आर्युवैद, आयुष विभाग की घोर उपेक्षा के कारण भवन जरजर क्षतिग्रस्त हो जाने के साथ फैली अव्यवस्थाओं डाक्टर, कम्पाउंडर न रहने से धीरे-धीरे नगर एवं क्षेत्र के लोग आर्युवैदिक अस्पताल ही भूलते जा रहे है।

तीन दशकों पूर्व पुराने खपरैल वाले अस्पताल भवन को तोड़ कर सामने आर्युवैदिक अस्पताल और बगल में दुकाने बना दी गई। जिनकी दशकों से किरायेदारी या ताले न खुलने से अनुपयोगी बने हुए है।

आर्युवैदिक अस्पताल कभी नगर के बीचों-बीच हुआ करता था। भावन के सामने खुले क्षेत्र में सब्जी मंडी लगती है। अस्पताल के सामने डीपी रखी हुई है। भवन के सामने जहाँ से अस्पताल आने-जाने का मुख्य गेट है। वहाँ 24 घण्टों गंदगी, कचरा और मवेशियों का डेरा बना रहने से भूले-भटके लोग ही उपचार कराने वाले मरीज अस्पताल के भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते है। अस्पताल कब खुलता और कब बन्द हो जाता है, पता ही नहीं चलता है।

#### आयुर्वेदिक उपचार भूले लोग

आर्युवैदिक अस्पताल के साथ कभी बाघ पिपरिया, चैनपुर, सनखेड़ा में भी आर्युवैदिक अस्पताल और आर्युवैदिक दवाओं से उपचार की व्यवस्था थी। सभी अस्पताल बन्द की स्थिति में होने से और आर्युवैदिक उपचार की सुविधा न मिलने से एलोपेथिक उपचार के लिए लम्बी लाइनों में खड़े नज़र आते है।

### नपा द्वारा ढोल बजाकर की जा रही वसूली, सूची सार्वजनिक करने के विरोध में

# कांग्रेस ने ढोल बजाकर किया 'कर' वसूली का विरोध, कहा - लोगों की प्रतिष्ठा होगी प्रभावित

**» ढोल की थाप पर गूंजा विरोध : नगर पालिका के खिलाफ कांग्रेस का सड़क पर प्रदर्शन**

**» 'सम्मान से वसूली करो': ढोल बजा कर कांग्रेस ने जताया अनोखा विरोध**

**» अतिक्रमण कार्रवाई पर राजनीति, कांग्रेस ने कहा - छोटों पर सख्ती, बड़ों पर चुप्पी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका के दोहरे मापदंड और कार्य प्रणाली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने ढोल बजाकर अनूठा प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सागर भोपाल तिराहा से नगर पालिका कार्यालय तक ढोल बजाते हुए रैली निकाल कर नारेबाजी की और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया।

कांग्रेसियों द्वारा नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि नपा सैकड़ों कर बकायादारों के यहां ढोल बजाकर नोटिस चस्पा कर रही है, जो कि व्यक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। वहीं हाथठेला व्यापारियों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त सड़क करवा रही है, तो वहीं दूसरी ओर हाइवे पर पक्की दुकाने बनाकर खुद अतिक्रमण कर रही है।

इसी बात के विरोध में कांग्रेसियों ने एक के बदले दस ढोल बजाकर अनूठा प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पालिका के सामने यातायात भी प्रभावित रही, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस प्रशासन को पुलिस फोर्स तैनात करना पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा मामला बताते हुए एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने पूरे मामले की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।





### सार्वजनिक सूची चस्पा करने से लोगों की प्रतिष्ठा पर पड़ेगा असर

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका ने संपत्ति कर एवं जल कर के बकायादारों की सूची वार्डवार जारी कर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने की तैयारी की है। जिससे लोगों की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कर वसूली प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन ढोल-नगाड़ों के साथ नाम सार्वजनिक करना और वार्डवार सूची जारी करना नागरिकों का अपमान है। यदि किसी पर बकाया है तो नियमानुसार नोटिस देकर वसूली की जाए, न कि सार्वजनिक रूप से बदनाम किया जाए। नगर पालिका को पहले मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल और सड़कों की मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए। इंदौर के दूषित जलकांड से भी नपा ने कोई सबक नहीं लिया, आज भी वार्डों में पाइप लाइन नाली में पड़ी हुई है। लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

इस अवसर पर नपा नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला, हकीम उद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद, असलम खान, राजेश यादव, डग्गा पहलवान, राजू माहेश्वरी, दौलत सेन एडवोकेट, प्रमोद साहू, अकील इंडियन, संजय विश्वकर्मा, राजकुमार सेन, कम्मू सेन, अजहर कुरैशी, जावेद कदीर, हसीब हिदुस्तानी सहित अन्य शामिल हुए।

#### कर वसूली के लिए उठाया यह कदम

कर वसूली बढ़ाने और राजस्व सुधार के उद्देश्य से सूची जारी की गई है। बकाया कर से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए यह कदम उठाया।

- **जमना सेन,** अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर पालिका रायसेन।

#### ढोल बजाते नजर आए कांग्रेस पदाधिकारी

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला, ब्लॉक महामंत्री राजू माहेश्वरी अपने गले में ढोल टांगकर बजाते हुए सड़कों पर नजर आए। जहां उन्होंने नगर पालिका की वसूली नीति का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रशासन से भी झड़प देखने को मिली। ऐतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन को फोर्स बुलानी पड़ी।

## सद्भावना क्रिकेट कप पर भोपाल ने जमाया कब्जा

### पूर्व विधायक ने किया पुरस्कारों का वितरण



**» अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज को उप विजेता के खिताव से रहना पड़ा संतुष्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्राम उचेरा जमुनिया में सद्भावना क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 11 वीं बार सद्भावना कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीन पार्क कुटीर मैदान पर किया गया। समापन अवसर पर पूर्व विधायक रामपाल सिंह मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे तथा उन्होने पुरुष्कारो का वितरण किया।

प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला विपिन एचएम एकता क्लब भोपाल तथा अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज के बीच खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए विपिन एचएम एकता क्लब भोपाल ने 8 ओवर में 89 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसका जबाव देने उतरी अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज की टीम निधारिंत ओवर में महज 67 रन ही बना सकी।

इस तरह भोपाल टीम ने 22 रनो से फायनल मुकाबला जीत कर ट्रॉफी तथा प्रथम पुरुष्कार की राशि अपने नाम की। जबकि गैरतगंज की टीम को उप विजेता के खिताव से संतुष्ट होना पड़ा। इसके पूर्व हुए सेमीफायनल में भोपाल ने ज्ञान सागर सिलवानी को तथा गैरतगंज ने राहतगढ़ को पराजित कर फायनल में प्रवेश किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने विजेता तथा उप विजेता टीम को टॉफी तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होने अपनें सबोधन में खिलाड़ियों को शुभकामना दी तथा जीत से अति उत्साहित व हार से हतोत्साहित नही होना चाहिए। खेल को हमेशा खेल भावना से खेला जाना चाहिए। यहां पर सरपंच संजय तुमराम, मिश्री पटेल, माहित लोधी, मुकेश लोधी आदि मौजूद रहें।

### खबर संक्षेप

#### करंट लगने से किसान की मौत, प्रकरण दर्ज

**सिलवानी।** थानातंर्गत जुनिया ग्राम में एक खेत पर काम करते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनिया निवासी हरिशंकर यादव उम्र 50 साल पिता इमरत लाल यादव खेत पर कार्य कर रहे थे तभी खेत से ऊपर से निकली बिजली लाईन का तार टूट कर किसान पर गिरा, करंट लगने से किसान झुलस गया। तत्काल ही परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच उपरांत डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### पिपलिया केवट में संकल्प से समाधान लगा शिविर

**रायसेन।** जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 फरवरी को उदयपुरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपलिया केवट में शिविर आयोजित किया गया। इस संकल्प से समाधान शिविर में अभी तक 78 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस संकल्प से समाधान शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक मनोज बॉथम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनपद स्तरीय अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित हैं।

## अवैध परिवहन करते 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के गौहरगंज क्षेत्र में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बगैर रॉयल्टी खनिज परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक डंपर को जब्त किया है। यह कार्रवाई देर रात से लेकर सुबह तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई।

विभागीय टीम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र में रेत और अन्य खनिजों का बगैर रॉयल्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने गौहरगंज और आसपास के मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान 4 वाहन बिना वैध रॉयल्टी पर्ची और परिवहन दस्तावेजों के खनिज सामग्री ले जाते पाए गए। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर टीम ने तत्काल जुर्माने की कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर गौहरगंज थाना परिसर में खड़ा कराया।

जिला खनिज अधिकारी महेंद्र पटेल ने बताया कि जब्त वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय अक्सर ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर तेज रफ्तार से खनिज सामग्री लेकर निकलते हैं।

## वाहनों के हाई प्रेशर हॉर्न से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के अंबाडी , सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, बेलखेड़ी चौराहा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों तेज आवाज वाले कानफोड़ू हॉर्न और बुलेट मोटरसाइकिल के मॉडिफाइड साइलेंसर से निकल रही पटाखे जैसी आवाजों से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि दिन-रात सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रही गाड़ियों के शोर से बुजुर्ग, बच्चे और मरीज खासे प्रभावित हो रहे हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि युवक बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर बदलकर तेज धमाके जैसी आवाज निकालते हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बनता है और छोटे बच्चों एवं पशुओं में डर पैदा होता है। वहीं गाड़ियों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न से भी ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध साइलेंसर व तेज हॉर्न पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षित माहौल बना रहे।

### सलामतपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर जोड़ के पास की घटना

## भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर खाद से भरा लोडिंग ऑटो खेत में पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शाहपुर जोड़ के पास भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बुधवार रात एक हादसा हो गया। यूरिया खाद से भरा एक लोडिंग ऑटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए खंती में जा पलटा। जिससे लोडिंग ऑटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में ऑटो चालक को चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और सड़क पर संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ।

## दो साल बाद भी नहीं बन सकी स्वीकृत सड़क कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम सालेरा की 8.192 किलोमीटर लंबी सड़क दो साल बाद भी नहीं बन पाई है। सड़क की बदहाल हालत से परेशान ग्रामीण गुरुवार को लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराने की मांग की।

ग्रामीणों सहित जनपद सदस्य दीवान सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच झलकन सिंह बैरागी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रायसेन–विदिशा मार्ग से ग्राम सालेरा तक सड़क निर्माण को 12 अप्रैल 2023 को पैकेज क्रमांक एमपी-2930 के अंतर्गत स्वीकृति मिली थी। निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स राय कंस्ट्रक्शन चांदना के ठेकेदार अखिलेश राय को दिया गया। लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ।




#### कई गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग

यह मार्ग ग्राम मऊ पथरई, सुंड अजायबनगर, सालेरा, घाट पिपलिया, हिम्मतगढ़, चांदना और मुरा मुंगावली सहित आसपास के गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। इसी रास्ते से छात्र-छात्राएं स्कूल-कॉलेज जाते हैं और ग्रामीण रोजमर्रा की जरूरतों के लिए रायसेन आते-जाते हैं।

#### सड़क गड्ढों भरी, धूल से परेशान ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर डामर नाम मात्र को बचा है। जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। गर्मी में धूल के गुबार से राहगीरों को परेशानी होती है। जबकि बारिश में कीचड़ और पानी भरने से आवागमन और मुश्किल हो जाता है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि ठेके की पूर्णता अवधि 11 अप्रैल 2028 निर्धारित है। फिर भी दो साल बाद भी कार्य प्रारंभ न होना गंभीर लापरवाही दर्शाता है।

### कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अब तक 433 युवाओं को किया प्रशिक्षित

## एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस प्रशिक्षण के पंद्रहवें बैच का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम नकतरा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस योजना मैनेज, हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि मंत्रालय के अंतर्गत 45 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. मुकुल कुमार, वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे, एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस योजना द्वारा बताया कि 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षणार्थी अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार से चयनित किए हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि विषय/विज्ञान विषय में बेरोजगार युवा के लिये स्वरोजगार स्थापित करके आत्मनिर्भर बनाना है। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा अब तक 14 बैच का संचालन करके 433 युवाओं को प्रशिक्षित किया है, जिसमें से लगभग 210 युवाओं ने स्वयं का रोजगार स्थापित किया है।

### तापमान में उछाल से बढ़ी गर्माहट

## मौसम ने दी ठंड की विदाई चुभने लगी दोपहर की धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सुबह की कंपकंपाती ठंड, धुंध में लिपटी सड़कें और ऊनी कपड़ों में लिपटे लोग, यह सब अब धीरे-धीरे अतीत की बात होती जा रही है। सर्दी का मौसम विदाई की ओर है और धूप ने अपनी तीखी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है।

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत से आने वाली बर्फीली हवाओं की रफ्तार थम गई है। इसका सीधा असर मौसम पर दिखाई दे रहा है। बीते कुछ दिनों में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### फसलों पर बढ़ी चिंता

तापमान बढ़ने का असर खेतों में भी दिखने लगा है। चना, मसूर और सरसों की फसलों में माहू का प्रकोप शुरू होना बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि पिछले सप्ताह तक ठंड के कारण कीट नियंत्रण में थे, लेकिन अब बढ़ते तापमान के साथ उनका असर दिखाई देने लगा है। फरवरी के पहले पखवाड़े में लगातार बढ़ता तापमान संकेत दे रहा है कि सर्दी अब अंतिम दौर में है और गर्मी ने दस्तक दे दी है। मौसम के इस बदलाव से जहां आमजन को राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। बदलता मौसम अपने साथ नई चुनौतियां लेकर आ रहा है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर होगा तीन दिवसीय 'महादेव-भोजपुर महोत्सव' का आयोजन

# भोजपुर महोत्सव में लखबीर सिंह लक्खा बांधेंगे समां

**महोत्सव के समापन आयोजित कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवि अशोक चक्रधर एवं दिनेश बावरा देंगे अपनी प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय 'महादेव भोजपुर महोत्सव' का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक किया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा के भजन गायन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा।

कार्यक्रम की व्यापक तैयारियों पूर्ण कर नी गईं हैं। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। यातायात व्यवस्था श्रद्धालुओं के दर्शन की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो पाए। वहीं गुरूवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने भोजपुर पहुंचकर 'महादेव भोजपुर महोत्सव' की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान एएसपी कमलेश कुमार भी साथ रहे।

**» कलेक्टर विश्वकर्मा ने तैयारियों का लिया जायजा**



कलेक्टर ने भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में भ्रमण कर आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महाशिवरात्रि पर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव सहित एसडीओपी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

#### ये हस्तियां देंगी अपनी प्रस्तुतियां

महोत्सव के पहने दिन सागर के ऋषि विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत लोकगायन, उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य तथा शाम को मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भक्ति गायन होगा, जो श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में लीन कर देगा। दूसरे दिन भोपाल की शीला त्रिपाठी का लोकगायन, मुंबई की भावना शाह द्वारा शिव महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन किया जाएगा। समापन अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि दिल्ली के अशोक चक्रधर, मुंबई के दिनेश बावरा, आगरा के प्रताप फौजदार, दिल्ली के गजेंद्र सोलंकी, आगरा की रुचि चतुर्वेदी, मथुरा की पूनम वर्मा तथा दिल्ली की मनु वैशाली अपनी सशक्त, संवेदनशील एवं भावपूर्ण रचनाओं से काव्यरस की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे।

#### पूरब सोमनाथ के नाम से जाना जाता है भोजपुर मंदिर

उल्लेखनीय है कि भोजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर देश-विदेश में उत्तर का सोमनाथ के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है। इस शिव मंदिर के गर्भगृह में स्थित 7.5 फुट लंबा और 17.8 फुट परिधि का शिवलिंग एक ही चट्टान को काटकर बनाया है जो आश्चर्यजनक है। अपने अपार और जटिल संरेखण में शिवलिंग के साथ इस मंदिर को पूरब का सोमनाथ होने का गौरव प्राप्त है। परमार काल से ही यहां प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर विशाल मेला लगता है।